# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 82/2024

## मान्यताप्राप्त +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों के प्रधान, शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सभी जिला में निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर **दिनांक 24.02.2024 से प्रारंभ होगा, जो दिनांक 04.03.2024 तक** चलेगा। मूल्यांकन कार्य एवं अन्य गोपनीय कार्य के उद्देश्य से मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थान में कार्यरत विषयवार शिक्षकों की सूची समिति की वेबसाईट पर ऑनलाईन अपडेट कराया गया था। उक्त सूची से आवश्यकतानुसार विषयवार सह–परीक्षकों का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाईट– **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर **दिनांक 21.02.2024** को अपलोड किया जाएगा। साथ ही सह–परीक्षकों के नियुक्ति पत्र की हार्ड कॉपी +2 विद्यालयवार/महाविद्यालयवार पैकिंग कर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में **दिनांक 21.02.2024 से 22.02.2024 तक** भेजा जाएगा।

2. +2 स्तर के मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान से अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से अपने संस्थान में अद्यतन कार्यरत शिक्षकों का नियुक्ति पत्र स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त कर संबंधित शिक्षक को प्राप्त कराते हुए मूल्यांकन कार्य हेतु विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। समिति की वेबसाईट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध *Link* **"शिक्षक नियुक्ति पत्र (उ०मा०) परीक्षा 2024"** अथवा **http://letter12.biharboardonline.com** पर क्लिक कर सह–परीक्षक चाहें तो स्वयं भी अपना नियुक्ति पत्र उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

3. मूल्यांकन केन्द्र पर उत्तरपुस्तिकाओं से अवार्ड शीट एवं मार्क्स फ्वायल पर अंकों की प्रविष्टि MPP (Marks Posting Personnel) द्वारा किया जाना है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रेषित MPP की सूची से आवश्यकतानुसार मूल्यांकन केन्द्रवार MPP का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाईट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध *Link* **"MPP नियुक्ति पत्र (उ०मा०) परीक्षा 2024"** अथवा **http://letter12.biharboardonline.com** पर **दिनांक 21.02.2024** को अपलोड करते हुए उसकी हार्ड कॉपी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में **दिनांक 21.02.2024 से 22.02.2024 तक** भेजा जाएगा। संबंधित MPP चाहें तो स्वयं भी अपना नियुक्ति पत्र समिति के उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

4. **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि सह–परीक्षकों का नियुक्ति–पत्र संबंधित +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अथवा उनके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि को तथा MPP का नियुक्ति पत्र संबंधित MPP को अपने स्तर से वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिन MPP का चयन कर नियुक्ति पत्र भेजा जा रहा है, उन्हें अपने स्तर से निदेशित कर देंगे कि वे निर्धारित तिथि को अपने मूल्यांकन केन्द्र पर अनिवार्य रूप से योगदान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा योगदान नहीं करने की स्थिति में उनके विरूद्ध बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। आपके सुविधा हेतु जिलान्तर्गत निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर प्रतिनियुक्त सह–परीक्षकों तथा MPP की सूची भी प्रेशित किया गया है।**

5. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि उत्तरपुस्तिकाओं के गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कराने में अपना पूर्ण सहयोग देने की कृपा किया जाय।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)

Scanned with CamScanner